बुद्धि (Intelligence)

बुद्धि क्या है? इसे शिक्षा मनोविज्ञान में एक महत्वपूर्ण अध्ययन क्षेत्र के अन्तर्गत मान्यता प्रदान की गई हैं। बालक रंग-रूप, कद-काठी, भार- स्वास्थ्य आदि शारीरिक गुणों में एक-दूसरे से अलग होते है, वे मानसिक गुणों में भी भिन्न होते हैं। एक ही आयु या कक्षा के कुछ बालक मानसिक क्रियाओं को करने में तेज होते हैं, कुछ बालक औसत स्तर के तथा कुछ बालक कमजोर होते हैं। कुछ बालक एक ही बार बताने पर शब्दों का उच्चारण, वस्तुओं या व्यक्तियों के नाम आदि सीख जाते हैं, जबकि कुछ बालकों को अनेक बार बताना पड़ता है। बालकों में इस प्रकार के अन्तर अक्सर 'बुद्धि के कारण' होते हैं। अतः यह आवश्यक है कि शिक्षा का स्वरूप बालक की मानसिक योग्यता के अनुरूप ही निर्धारित किया जाए।

बुद्धि का अर्थ एवं परिभाषा(Meaning and Definition of Intelligence)

टरमन के अनुसार, “बुद्धि अमूर्त विचारों के बारे में सोचने की योग्यता है।”
"Intelligence is the ability to think in terms of abstract Ideas."   -L. Terman

स्टर्न के अनुसार, बुद्धि एक सामान्य योग्यता है जिसके द्वारा व्यक्ति नई परिस्थितियों में अपने विचारों को जान-बूझकर समायोजित कर लेता है।"
"Intelligence is a general capacity of an individual conciously to adjust his thinking to new requirements." -stern

बकिंघम के अनुसार, "सीखने की शक्ति ही बुद्धि है।"

"Intelligence is the ability to learn." - Bukingham.

गाल्टन के अनुसार, “बुद्धि पहचानने तथा सीखने की शक्ति है।"

"Intelligence is the power of recognition and learning." -Galton

मैक्डूगल के अनुसार, “बुद्धि, पूर्व अनुभवों के प्रकाश में जन्मजात प्रवृत्ति के सुधारने की योग्यता है।"

"Intelligence is capacity to improve upon innate tendency in the light to previous experience."

रेक्स और नाइट के अनुसार, "बुद्धि वह तत्व है जो सब मानसिक योग्यताओं में सामान्य रूप से सम्मिलित रहता है। यह परिभाषा इस शताब्दी की एक सबसे महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक खोज का प्रतिष्ठापन करती है।"

"Intelligence is the factor that is common to all mental abilities. This definition enshrines one of the most important - Rex and Knight psychological discoveries of the century."

कोलेसनिक के अनुसार, “बुद्धि कोई एक शक्ति या क्षमता या योग्यता नहीं है, जो सब परिस्थितियों में समान रूप से कार्य करती है, वरन् विभिन्न योग्यताओं का योग है।

"Intelligence is not a single power or capacity or ability which operates equally well all situations. It is rather, a composite of several different abilities." - Kolesnis

बुद्धि की विशेषताएँ(Characteristics of Intelligence)

1. बुद्धि में आत्म-निरीक्षण की शक्ति होती है

2. बुद्धि जन्मजात शक्ति और वंशानुक्रम से प्राप्त होती है।

3. बुद्धि वातावरण से प्रभावित होती है।

4. यह सीखने की क्षमता देती है और विभिन्न बातों को सीखने में सहायता करती है।

5. बुद्धि अमूर्त चिंतन (abstract thinking) की योग्यता प्रदान करती है।

6. बुद्धि व्यक्ति की कठिन परिस्थितियों और जटिल समस्याओं को सरल बनाती है।।

7. बुद्धि नवीन परिस्थितियों से सामंजस्य करने का गुण प्रदान करती है

8. बुद्धि भले और बुरे, सत्य और असत्य, नैतिक और अनैतिक कार्यों में अन्तर करने की योग्यता प्रदान करती है।

9. बुद्धि का विकास जन्म से लेकर किशोरावस्था के लगभग मध्यकाल तक होता है। यह प्रिंटर (Pinter) का विचार है।

10. कूले और ब्रूस (Cole and Bruse) के अनुसार लिंग-भेद के कारण बुद्धि मैं बहुत ही कम अन्तर दिखाई पड़ता है।

बुद्धि के प्रकार(Kinds of Intelligence)

मनोवैज्ञानिक थार्नडाइक ने बुद्धि को कई शक्तियों का समूह माना है। इस आधार पर उन्होंने बुद्धि के निम्न तीन प्रकार बताए हैं

1. अमूर्त बुद्धि (Abstract Intelligence) : अमूर्त बुद्धि ज्ञानोपार्जन के प्रति रुचि, रुझान, पढ़ने-लिखने से सम्बन्धित पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करने, शब्दों या प्रतीकों के रूप में उपस्थित समस्याओं को हल करने में प्रकट होती है। जैसे- गणित के सूत्रों को हल करने में, दर्शन एवं तर्कशास्त्र के विषयों को समझने में, साहित्यिक रचनाओं की सौन्दर्यानुभूति में यही बुद्धि कार्य करती है। अमूर्त बुद्धि पुस्तकीय ज्ञान के प्रति अपने को व्यवस्थित करने की योग्यता है। शैक्षिक दृष्टि से अमूर्त बुद्धि ही ज्ञानोपार्जन में सहायक होती है।

2. सामाजिक बुद्धि (Social Intelligence) : इस बुद्धि का सम्बन्ध सामाजिक अनुकूलन की योग्यता से है जिसकी सहायता से व्यक्ति अपने को समाज के व्यवस्थित कर लेता है। सामाजिक बुद्धि के कारण, व्यक्ति दूसरों को अपने

व्यवहार से प्रभावित कर लेता है। इस प्रकार का व्यक्ति प्रसन्न, मिलनसार तथा सामाजिक कार्यों में रुचि लेता है। सामाजिक बुद्धि के कारण ही व्यक्ति समाज में सफलतापूर्वक जीवन व्यतीत करता है। इस प्रकार की बुद्धि पाने वाले व्यक्ति, व्यवसायी, कूटनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता होते हैं।

3. यांत्रिक बुद्धि (Motor or Mechanical Intelligence) : यांत्रिक बुद्धि का तात्पर्य उस शक्ति या योग्यता से है। जिसकी सहायता से व्यक्ति अपने को यंत्रों या भौतिक पदार्थों से सम्बन्धित परिस्थितियों के साथ सुव्यवस्थित कर लेता है। जिन बालकों में यह शक्ति होती है वह उनमें प्रारम्भिक काल से ही दिखाई पड़ने लगती है। वे अपने खिलौने, घड़ी साइकिल आदि को खोलकर ठीक करने का प्रयास करते हैं। ऐसे बालक आगे चलकर कुशल कारीगर, मिस्त्री, इंजीनियर आदि बनते हैं। यांत्रिक बुद्धि वाले बालक खेलकूद व अन्य शारीरिक तथा अन्य शारीरिक कार्यों में भी कुशल होते हैं।

मनोवैज्ञानिक गैरिट (Garrett) ने तीन प्रकार की बुद्धि का उल्लेख किया है